मनमानी

बरगवां अमलाई में 'मोबाइल ठेका' का वीडियो वायरल, स्कूटी की डिग्गी में शराब की बोतलें भरी हुई दिख रहीं

स्कूटी से गलियों में शराब सप्लाई का आरोप

बरगवां, नवभारत 9 मई। नगर परिषद बरगवां अमलाई में इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने स्थानीय प्रशासन और पुलिस व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

वायरल वीडियो में एक बैटरी से चलने वाली स्कूटी क्रमांक एमपी 18 जेडएच 9806 दिखाई दे रही है, जिसकी डिग्गी में बड़ी मात्रा में शराब की बोतलें भरी हुई दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 1 में खुलेआम इस तरह शराब की होम डिलीवरी की जा रही है। वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसे मोबाइल ठेका तक कहने लगे हैं।

लंबे समय से चल रहा अवैध कारोबार

बताया जा रहा है कि स्कूटी गलियों में घूम घूमकर शराब पहुंचाने का काम करती है। लोगों का कहना है कि यह सब लंबे समय से चल रहा है और संबंधित विभागों को इसकी जानकारी भी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। मामले में मध्य प्रदेश पुलिस के चाचाई थाना और अमलाई क्षेत्र की पुलिस की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि वीडियो में दिख रही गतिविधियां सही हैं, तो यह कानून व्यवस्था और आबकारी नियंत्रण दोनों पर गंभीर प्रश्नचिह्न है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को लेकर लोग तंज कसते हुए कह रहे हैं कि अब दुकान तक जाने की जरूरत नहीं, दुकान खुद दरवाजे तक पहुंच रही है।

मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

कुछ लोगों ने इसे स्टार्टअप इंडिया का नया मॉडल बताते हुए प्रशासनिक निष्क्रियता पर व्यंग्य किया है। वायरल वीडियो के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग मामले की निष्पक्ष जांच तथा कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हालांकि हम इस वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करते जांच आवश्यक है।

फ्लाईओवर के बेहतर रखरखाव के लिए उठाई आवाज

जबलपुर। फ्लाई ओवर से नीचे गिरे कांक्रीट मटेरियल के संबंध में नेता प्रतिपक्ष ने अपने साथियों के साथ मिलकर शिवेंद्र सिंह, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी को एक ज्ञापन सौंपा और मांग की कि सबसे बड़े फ्लाईओवर में ब्यूव कटर लगाये जायें और फ्लाईओवर का उचित रख-रखाव का ध्यान रखा जाए जिससे आमजन सुरक्षित होकर आवागमन कर सके। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि जबलपुर शहर में प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर को आरंभ हुये सालभर ही हुये हैं और इसमें मदनमहल के पास के हिस्से में कांक्रीट मटेरियल नीचे गिरा जिससे गंभीर घटना घटित होने से बच गई क्योंकि जिस समय उक्त कांक्रीट मटेरियल नीचे गिरा उक्त स्थल पर कोई आमजन आवागमन करते नहीं निकल रहा था। फ्लाईओवर के उपर के हिस्से में सुरक्षा के उपाय भी नहीं किये गये हैं।

खतरनाक हाथी ने फिर दो मवेशियों को मारा

निगरानी कर रहे रेंजर एवं प्रशिक्षु रेंजर हुए घायल

अनूपपुर, नवभारत। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में इन दिनों हाथियों का कहर बना हुआ हैं। ग्राम पंचायत एवं वन बीट सोनमौहरी के जंगल से शुक्रवार की चुपचाप तरीके से जंगल से निकल कर ग्राम पंचायत सोनमौहरी के पिचिंगटोला में रामसहाय सिंह के घर के पास बंधे दो पालतू मवेशियों पर बुरी तरह हमला करते हुए स्थल पर ही मार दिया।

हाथी के निगरानी में लगे वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर स्वर्ण गौरव सिंह एवं प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव दुबे निगरानी करते समय अचानक हाथी के चिघाड कर आक्रमण के लिए दौड़ाने पर भागते समय गिरकर चोटिल हो गये, जिन्हें रात में ही वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल ने जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुंचाया।

मवेशियों को खेत में बांध कर नहीं रखें

इस दौरान रेलवे लाइन के समीप हाथी को देखकर एक मालगाड़ी के चालक ने भी कुछ देर के लिए ट्रेन को खड़ा कर दिया था। इसके बाद से देर रात तक हाथी के विचरण की कोई सूचना नहीं मिल सकी। वन विभाग द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों से इस आक्रामक हाथी से 200 मीटर के से ज्यादा दूरी बनाए रखने और खेतों में रखें पालतू मवेशियों को रात के समय बांध कर नहीं रखने की अपील की है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में रिश्तों की हुई जीत

7 वर्ष बाद दो सगे भाइयों का विवाद समाप्त, कोर्ट ने कहा- रिश्ते मुकदमों से बड़े है

अनूपपुर, नवभारत 9 मई। सालों की कानूनी खींचतान और आपसी कड़वाहट के बाद आखिरकार रिश्तों की जीत हुई है। एक मामूली बहस से शुरू हुआ और मारपीट की आपराधिक धाराओं तक पहुंचा दो सगे भाइयों का सात साल पुराना संपत्ति के बंटवारे का विवाद शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलझ गया।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में थाना कोतमा अंतगर्त ग्राम रेउला में संपत्ति के बंटवारे को लेकर बड़े भाई लीलमन और छोटे भाई गोविंद के बीच कहासुनी हुई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए एक-दूसरे के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर लिया। पिछले सात वर्षों से यह मामला स्थानीय अदालत में लंबित था।

खून के रिश्तों को मुकदमेबाजी में नहीं झोंकना चाहिए : न्यायाधीश

कई दौर की बातचीत और समझाइश के बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से समझौते पर पहुंचे। राष्ट्रीय लोक अदालत के न्यायाधीश अमनदीप सिंह छाबड़ा ने समझौते को मंजूरी देते हुए दोनों भाइयों के प्रकरण समाप्त कर कहा, 'खून के रिश्तों को मुकदमेबाजी में नहीं झोंकना चाहिए। 'परिवार के बुजुर्ग पिता ने बताया कि दोनों भाइयों के बीच सुलह की यह खबर सुनकर ऐसा लगा जैसे जीवन का सबसे बड़ा बोझ उतर गया। सात साल बाद आज इस घर में फिर से एक साथ खाना पकेगा।

अक्षय सिंह ठाकुर को मिला 'कला साधक सम्मान'

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर एवं मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि युवा रंगकर्मी अक्षय सिंह ठाकुर को 'भाव 2026' के अंतर्गत आयोजित भव्य समारोह में प्रतिष्ठित 'कला साधक सम्मान' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग, इंटरनेशनल सेंटर, बेंगलोर में वर्ल्ड फोरम फॉर आर्ट एंड कल्चर द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु रविशंकर एवं गवर्नर अजय कुमार भल्ला द्वारा अक्षय सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया। अक्षय को यह सम्मान भारतीय रंगमंच के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, सामाजिक सरोकारों से जुड़े नाट्य कार्यों तथा एक समर्पित थिएटर प्रैक्टिशनर के रूप में निरंतर सक्रिय भूमिका के लिए प्रदान किया गया है।

स्वास्थ्य अमले को प्रदान किया गया महत्वपूर्ण प्रशिक्षण

जिला पंचायत सीईओ ने महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर डाला प्रकाश

अनूपपुर, नवभारत 9 मई। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर (एमएमआर और आईएमआर) को कम करने के लिए अनूपपुर जिले के बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम, सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजर,सेक्टर सुपरवाइजर आदि की दक्षता बढ़ाने कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें राज्य स्तरीय कार्यालय से प्रमुख विशेषज्ञों ने विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया। जिले के सुदूरवर्ती विकासखंड पुष्पराजगढ़ में शुक्रवार को तथा विकासखंड अनूपपुर, जैतहरी, कोतमा के स्वास्थ्य स्टाफ का प्रशिक्षण शनिवार 9 मई को आयोजित किया गया।

नवजात शिशु की देखभाल के बारे में बताया गया

प्रशिक्षण में प्रसव पूर्व देखभाल पंजीकरण एवं जांच, पोषण और सप्लीमेंट, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, टीकाकरण, प्रसव के दौरान देखभाल के तहत संस्थागत प्रसव पार्टोग्राफ का उपयोग, संक्रमण रोकथाम, अत्यधिक रक्त स्राव प्रबंधन, नवजात शिशु की देखभाल, स्तनपान आदि आदि के संबंध में विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

किरगी व लीला टोला टीकाकरण सत्र का दल ने किया निरीक्षण

जिले के विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम किरगी तथा लीला टोला में भोपाल राज्य स्तर से आए तीन सदस्यीय भ्रमण दल द्वारा टीकाकरण सत्र स्थल का निरीक्षण किया गया दल ने निरीक्षण के दौरान अमले को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए किरगी में टीकाकरण की सभी व्यवस्थाएं ठीक मिलने पर दल द्वारा सराहना की गई।

युवा रेल कर्मचारियों की जल्द होगी जीडीसीई परीक्षा

अनूपपुर, नवभारत। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन मुख्यालय में वर्ष 2026 की प्रथम जोनल पीएनएम (परमानेंट नेगोशिएशन मशीनरी) बैठक 6 एवं 7 मई को महाप्रबंधक सभागार में आयोजित की गई। बैठक में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में युवा रेल कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित जीडीसीई वर्ष 2023 परीक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रेल प्रशासन ने पहले वर्ष 2023 की जीडीसीई परीक्षा निरस्त करने के लिए रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा था, लेकिन रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के हस्तक्षेप तथा महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के निर्देश के बाद प्रशासन को परीक्षा निरस्तीकरण का प्रस्ताव वापस लेना पड़ा।

नई अधिसूचना जारी की जाएगी

बैठक में रेल प्रशासन ने रेलवे मजदूर कांग्रेस को आश्वस्त किया कि परीक्षा संचालन एजेंसी के रूप में ईसीए चंडीगढ़ आरआरबी का चयन कर लिया गया है। साथ ही 31 मई से पहले मजदूर कांग्रेस के साथ बैठक कर वर्ष 2023 की लंबित जीडीसीई परीक्षा के लिए नई अधिसूचना जारी की जाएगी।

सेवानिवृत्त होने वाले एपीओ का किया गया सम्मान

एनएफआईआर एवं रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राव तथा जोनल प्रवक्ता गोपी राव ने बताया कि रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर की इस वर्ष की प्रथम जोनल पीएनएम बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता शिविर आयोजित

नवभारत, जबलपुर। विगत शुक्रवार 8 मई की दोपहर को ज्ञानगंगा में एक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमआयोजित किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को तनाव, स्वस्थ मुकाबला करने की तकनीक और प्रभावीसमय प्रबंधन कौशल के प्रति जागरूक करना था, जो मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक संतुलन बनाए रखने केलिए आवश्यक हैं। यह कार्यक्रम शहर की प्रमुख सलाहकार मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अंकिता साहू और रायपुर कीक्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. ईला गुप्ता द्वारा संचालित किया गया। उनके संवादात्मक सत्र ने छात्रों कोमानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों पर खुलकर चर्चा करने और तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक तरीकों को अपनाने केलिए प्रोत्साहित किया। इस आयोजन को रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा प्रायोजित किया गया था। कार्यक्रम मेंरोटरी की विभिन्न शाखाओं के अध्यक्षों (रोटरी क्लब ऑफ एक्सीलेंस के अध्यक्ष अशोक साहू) और जिला गवर्नर(अमित जायसवाल) की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनकी भागीदारी ने शैक्षणिक संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्यजागरूकता के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को किया सम्मानित

नवभारत, जबलपुर। शासकीय एम.एच. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में रेड क्रॉस सोसायटी दिवस के अवसर पर यूनाइटेड फॉर हयुमैनिटी थीम आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स की रैंक सेरेमनी भी संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की कार्यकारिणी समिति के सदस्य आदरणीय डॉ. सुनील कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ला द्वारा की गई।

कोदो प्रसंस्करण केंद्र का सीईओ ने किया निरीक्षण

अनूपपुर, नवभारत। जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत कोहका पूर्व में स्थापित कोदो प्रसंस्करण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित गतिविधियों की जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने समीप निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय पहुंचकर भवन निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, समयसीमा एवं आवश्यक सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समय पर पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

पंचायत सचिवों को दिया जीएसटी-टीडीएस प्रशिक्षण

अनूपपुर नवभारत। ग्राम पंचायत बिजौड़ी में जीएसटी एवं टीडीएस नियमों में अनियमितता को लेकर खबर प्रकाशित होने और संबंधित विभाग द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। इसके बाद जनपद पंचायत जैतहरी सभागार में पंचायत सचिवों के लिए जीएसटी एवं टीडीएस संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पंचायत सचिवों को जीएसटी एवं टीडीएस के प्रावधान, चालान जनरेशन, कर भुगतान प्रक्रिया और रिटर्न फाइलिंग की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वित्तीय कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने एवं नियमों के पालन के निर्देश भी दिए गए। क्षेत्र में चर्चा है कि ग्राम पंचायत बिजौड़ी से जुड़े मामले के सामने आने और विभागीय नोटिस जारी होने के बाद प्रशासन ने यह कदम उठाया है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की वित्तीय अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके।

कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी जिला- अनूपपुर (म. प्र.)

Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail:cmobijuri@mpurban.gov.in

क्र./2214/न.पा./लो.नि./2026 — बिजुरी, दिनांक 06/05/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार,पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

क्रं.	ई-निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	2026_UAD_504677_1	Construction of WATER PARK including plantationelectrification, fountain, pathw ay,watertower, irregularpoolwithslides, wave pool filtration system, artificial beach and Boundarywall	2097.32 लाख	1048660.00	50000.00	05-06-2026 (17:30 HRS)
2	2026_UAD_504707_1	Construction of Swimming Poolincluding filtration and electrification work, sanitation work, Boundary wall, Approah road, Pathway, Drain, Entrance gate, Club House, Restaurent, Landscaping And OutdoorLighting.	2112.77 लाख	1056385.00	50000.00	05-06-2026 (17:30 HRS)
3	2026_UAD_504678_1	Construction of Outdoor Stadium and Rain Dance Including Campusinternal CC roads,Electrification work, Drain, cyclingStand, Shed, Boundary Wall,running Track, Land Scaping.	2446.04 लाख	1223020.00	50000.00	05-06-2026 (17:30 HRS)
4	2026_UAD_504708_1	Construction of Community Hall including gardenarea, electrification, Parking area, internal CCroad, Fountain and Boundarywall	1347.77 लाख	673885.00	50000.00	05-06-2026 (17:30 HRS)

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेबसाईट (https://mptenders.gov.in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATE SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाइट में किया जावेगा समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद बिजुरी जिला अनूपपुर (म. प्र.)

विश्व थैलेसीमिया दिवस — जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में विविध जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित

पोस्टर, नुक्कड़ नाटक के जरिए फैलाई गई जागरूकता



नवभारत, जबलपुर। विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय विक्टोरिया, जबलपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी के मार्गदर्शन में जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य थैलेसीमिया की रोकथाम, समय पर जांच, उचित उपचार एवं स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति समाज को जागरूक करना था। इस वर्ष विश्व थैलेसीमिया दिवस 2026 की थीम 'अब छिपें नहीं: बिना पहचान वाले मरीजों की खोज और अनदेखे लोगों को सहयोग' थी। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं नर्सिंग छात्राओं द्वारा प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की समस्याओं, उनके संघर्ष तथा समाज की जिम्मेदारियों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया।

बच्चों को वितरित किए गए उपहार

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्यारे बच्चों एवं उनके परिवारों के साहस, मुस्कान और संघर्षशीलता को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जो समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में बच्चों को उत्साहवर्धन के लिए उपहार भी वितरित किए गए। थैलेसीमिया की जन जागरूकता के लिए नर्सिंग छात्राओं द्वारा एक रैली भी निकाली गई।

ज्ञान गंगा कॉलेज में आयोजित किया गया जागरूकता

सक्षम महाकोशल प्रांत एवं विशुद्ध हेल्थकेयर जन सेवा समिति द्वारा विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर ज्ञान गंगा कॉलेज, के फार्मेसी विभाग जबलपुर में जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 90 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। ज्ञान गंगा कॉलेज परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर आभा एवं ममता द्वारा सक्षम गीत गाया गया ,एवं सह सचिव अक्षय सोनी द्वारा सक्षम परिचय दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नवीन कोठारी सीएमएचओने थैलेसीमिया जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. आशीष गुप्ता (अध्यक्ष, सक्षम महाकोशल प्रांत) ने थैलेसीमिया रोग, उसके कारण, बचाव एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।